<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान तेज, वरिष्ठ भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह और सपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कीं जनसभाएं ।
- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की दस सीटों के लिए कल से शुरू हुआ नामांकन, उन्नीस अप्रैल तक भरे जा सकेंगे पर्चे ।
- बसपा ने नौ लोकसभा सीटों के लिए घोषित किये प्रत्याशी, समाजवादी पार्टी ने भी दो सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की ।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर मना रहा है स्वच्छता पखवाड़ा ।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रदेश में सभी राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने कल मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह और संभल से पार्टी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक अपने सभी वादे पूरे किए हैं, जिनमें राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को खत्म करना शामिल है। उन्होंने कहा कि पांच साल के भीतर अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में रामलला विराजमान हो गये हैं और पांच सौ वर्षों के बाद सत्रह अप्रैल को रामनवमी पर रामलला अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाएंगे। योगी सरकार की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद जैसी योजनाएं बहुत अच्छा काम कर रही हैं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं और बेहतर कानून व्यवस्था नए उत्तर प्रदेश की पहचान बन गई है।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर और कैराना में जनसभा की।

उन्होंने कहा कि सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़कर विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है। दिल्ली से देहरादून के बीच ग्रीन एक्सप्रेस वे बन रहा है। इस विकास की गति को जारी रखना है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी कल मेरठ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर भाजपा सरकार ने किसानों को सम्मान देने का काम किया है। उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने कल पीलीभीत पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल पीलीभीत जिले के पूरनपुर में सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने अपने संबोधन में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पीलीभीत के लोग जंगली जानवरों के हमलों में मारे जा रहे हैं और आवारा पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं लेकिन आवारा पशु सड़कों पर ही घूम रहे हैं। इस बीच, आम आदमी पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और विपक्षी इंडी गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है।

पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की और घोषणा की कि उनकी पार्टी यूपी में चुनाव नहीं लड़ेगी।

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने मथुरा में पार्टी प्रत्याशी सुरेश सिंह के पक्ष में जनसभा कर समर्थन जुटाया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा, रोजगार और महंगाई का मुद्दा उठाया ।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ कांग्रेस और सपा पर भी बहुजन समाज पर अत्याचार करने का आरोप लगाया।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये प्रदेश की दस सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो गयी । नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख उन्नीस अप्रैल है। बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और बाइस अप्रैल तक पर्चे वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिन्ह भी आवंटित किये जाएंगे। तीसरे चरण में प्रदेश के संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदांयू, आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्र में सात मई को वोट डाले जायेंगे। इसी क्रम में कल बदायूं लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

**********

और आइये, अब सुनते हैं देश में ट्रांसजेंडर समुदाय को मताधिकार देने की संघर्ष यात्रा पर एक विशेष रिपोर्ट।

***भारत के इतिहास में अप्रैल 2014 एक महत्वपूर्ण चरण था जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर नागरिकों को कानूनी रूप से तीसरे लिंग के तौर पर मान्यता देने वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस संघर्ष का बीज 2003 में बोया गया था जब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने कटनी के मेयर पद पर ट्रांसजेंडर महिला कमल चंद के चुनाव को रद्द कर दिया था 2004 में अधिवक्ता ए रजनी और ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता प्रिया बाबू ने सामाजिक स्थितियों में बदलाव लाने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में ट्रांसपर्सन के मतदाता पहचान पत्र की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी चुनौतियों के बीच इनकी जीत हुई। इस लोकसभा चुनाव में 48000 से अधिक ट्रांसजेंडर व्यक्ति मतदान के पात्र है अर्पिता चौधरी की रिपोर्ट के साथ आकाशवाणी न्यूज के लिए आदर्श कुमार नई दिल्ली।***

**********

बहुजन समाज पार्टी ने  उत्तर प्रदेश की नौ लोकसभा सीटों के लिये प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट कल जारी कर दी। बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बाल कृष्ण चौहान, एटा से मोहम्मद इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती जिले से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली जनपद से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को प्रत्याशी बनाया है। उधर, भाजपा ने फूलपुर लोकसभा सीट से फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इसी सीट पर गठबंधन ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस बीच, समाजवादी पार्टी ने कौशांबी लोकसभा सीट से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर सीट से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को अपना प्रत्याशी बनाया है ।

**********

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस और गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई ने कल अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने कहा कि प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने के बाद अयोध्या काफी बदल गई है। यह सांस्कृतिक राजधानी बन गई है। गोवा के राज्यपाल ने सपरिवार रामलला के दर्शन करने के बाद कहा कि वह पहली बार अयोध्या आए हैं । यह ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल है और इसका समग्र विकास हो रहा है। इस बीच, श्रीराम जन्मोत्सव से पहले एक परीक्षण के दौरान सूर्य की किरणों ने रामलला के ललाट को शोभायमान कर दिया । रामनवमी के दिन दोपहर बारह बजे चार मिनट तक सूर्य की किरणें उनके ललाट पर पड़ेंगी।

**********

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर पंद्रह अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है । भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम राजीव मांझी ने कल इस पखवाड़े में हिस्सा लेकर साफ सफाई की महत्ता का संदेश दिया । उन्होंने फाइलेरिया कालाजार नेटवर्क के सदस्यों से इन बीमारियों के उन्मूलन के लिए चल रहे नवाचारों के बारे में भी चर्चा की । इससे पहले कुशीनगर जिले का दौरा कर संयुक्त सचिव ने वेक्टर जनित बीमारियों की गहन जमीनी समीक्षा की। उन्होंने वहां पर कालाजार और कुष्ठ से ठीक हुए लोगों से भी मुलाकात की।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में दक्षिणी तहखाना की छत की मरमत की अनुमति से जुड़ी अर्जी पर कल प्रभारी जिला जज की अदालत ने अगली सुनवाई के लिये उन्नीस अप्रैल तारीख निर्धारित की है। इसके अलावा एक अन्य ममले में राखी सिंह की ओर से भी बंद तहखाने और अन्य जगहों का वैज्ञानिक सर्वे कराने की गुहार लगाई गई है। इस अर्जी पर भी सुनवाई उन्नीस अप्रैल को ही होगी।

**********